卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 229 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦26 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## शारदा में गिरी इनोवा, पांच की मौत

### मृतकों में तीन बच्चे, एक महिला और ड्राईवर हैं शामिल, देर रात हुआ हादसा

खटीमा(उद संवाददाता)। देर रात एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर शारदा नदी में समा गयी। हादसे में तीन बच्चों और महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी से कार निकाल कर शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक पावर हाउस कॉलोनी लोहियाहेड निवासी 38 वर्षीय द्रोपदी उर्फ दुर्गा पत्नी स्वर्गीय विजेंद्र अपनी पुत्री 12 वर्षीय ज्योति एवं इनोवा कार चालक नगरा



तराई निवासी 40 वर्षीय मोहन सिंह धामी पुत्र बहादुर सिंह धामी के साथ इनोवा कार में सवार होकर गुरुवार की शाम को अपने भाई अंजनिया बुढ़ाबाग निवासी मोहनचंद के घर गई थी। देर रात को अपने भाई के पुत्र 5 वर्षीय सोनू एवं 7 वर्षीय पुत्री दीपिका को लेकर वापस लोहियाहेड अपने घर लौट रहे थे। तभी इनोवा कार अनियंत्रित होकर पावर हाउस जाली के समीप शारदा नहर में गिर गई। जब उक्त लोग घर नहीं पहुंचे, तो भाई मोहनचंद को इसकी चिंता हुई। जिसके बाद उनकी ढूंढ खोज शुरू की गई तो पता चला इनोवा कार शारदा नहर में गिरी हुई है। इस पर मोहनचंद ने पुलिस को सूचना दी। देर रात को ही थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिसकर्मी शारदा नहर पहुंचे। जहां उन्होंने कार की (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूल बस पलटने से महिला कर्मी की मौत, कई बच्चे घायल

काशीपुर(उद संवाददाता)। स्कूली बच्चों को लेकर पिकनिक पर जा रही एक बस उत्तर प्रदेश के दढियाल इलाके में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान



विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मी की चपेट में आकर मृत्यु हो गई जबकि बस में सवार दर्जनों बच्चे घायल हुए जिन्हें उपचार के (शेष पृष्ठ सात पर)


गुरू मां

उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


## सम्पत्ति के लिए बेटे बहू का मां नानी पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सम्पत्ति के लिए बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर विधवा मां तथा नानी पर हमला कर घायल कर दिया । मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शकुन्तला बजाज पत्नी स्व. अशोक कुमार निवासी वार्ड 29 आदर्श कालोनी, ने कहा है कि उसका पुत्र इन्द्रजीत बजाज व उसकी पत्नी ममता बजाज ने पूर्व में उसके पति का मकान बेच दिया और उसे बेघर कर दिया। जिस पर उसके भाईयों ने उसे व उसकी माँ रवेल (शेष पृष्ठ सात पर)

## देवभूमि में 2022 में 872 बलात्कार

### प्रत्येक जिले में हुआ बलात्कार का अपराध

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैसे शांत व महिलाओं के लिये सुरक्षित माने जाने वाले राज्य में गंभीर अपराधों में सर्वाधिक बलात्कार के अपराध दर्ज होना अत्यन्त चिन्ताजनक है। डकैती, लूट, फिरौती के लिये अपहरण तथा दहेज हत्या के अपराध तो हर जिले में नहीं हुये जबकि बलात्कार के अपराध प्रत्येक जिले में दर्ज हुये है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से वर्ष 2022 के गंभीर अपराधों की संख्या का विवरण मांगा था। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने अपने पत्रांक 648 के साथ भारतीय दण्ड संहिता के गंभीर अपराध आंकड़े 2022 की विवरण की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार वर्ष 2022 में उत्तराखंड में कुल 1321 गंभीर अपराध हुये हैं। इसमें 872 बलात्कार, 19 डकैती, 170 लूट, 187 हत्या, 3 फिरौती के लिये अपहरण तथा 70 दहेज हत्या के अपराध शामिल है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड के 13 जिलों में वर्ष 2022 में 872 बलात्कार के अपराध दर्ज हुये है जिसमें सर्वाधिक 247 उधमसिंह नगर जिले में दूसरे स्थान पर 229 हरिद्वार जिले तथा तीसरे स्थान पर 184 देहरादून जिले में दर्ज हुये हैं। बलात्कार के सबसे कम 1 अपराध रूद्रप्रयाग जिले में दर्ज हुआ है। अन्य जिलों में नैनीताल में 103, अल्मोड़ा में 16, पिथौरागढ़ में 17, बागेश्वर में 10, चम्पावत में 7, उत्तरकाशी में 13, टिहरी गढ़वाल में 15, (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैरहाजिर मिले प्रधानाध्यापक सहित तीन शिक्षक निलंबित

चंपावत(उद संवाददाता)।पूर्णागिरि धाम क्षेत्र के कोटकेंद्री राजकीय जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक सहित 3 शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निलंबन के आदेश जारी किए हैं। दरअसल तीनों शिक्षक औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल से गायब मिले थे। एक व्यक्ति की शिकायत पर सीआईओ आरसी पुरोहित और चंपावत के बीईओ भारत जोशी ने 13 मई को कोटकैंद्री जूनियर हाईस्कूल और प्राथमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया था।निरीक्षण के दौरान हाईस्कूल के शिक्षक कुंदन सिंह बोहरा स्कूल में हाजिर मिले। जबकि प्रधानाध्यापक हरीश पांडे और अन्य शिक्षक मोहित अग्रवाल और निर्मला पांडे गैर हाजिर पाए गए। इस स्कूल में सिर्फ चार ही छात्र पंजीकृत हैं। इसके अलावा जांच के आधार पर जिला अधिकारी ने तीनों शिक्षकों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। चंपावत के बीईओ भारत जोशी को मामले की जांच के लिए जांच अधिकारी बनाया गया है। साथ ही उन्हें 15 दिन में जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं।निलंबित प्रधानाध्यापक को उप खंड कार्यालय और दोनों शिक्षकों को महात्मा गांधी जूनियर हाईस्कूल से संबद्ध कियाहै।

## पार्टनर बनाने का झांसा देकर पचास हजार ठगे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल की एक कंपनी में लेवर सप्लाई में पार्टनर बनाने का झांसा देकर एक युवक से 50 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में पहुंच पुलिस को तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाई। यूपी के जिला शाहजहांपुर थाना कटरा हाल निवासी थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र फुलसुंगा निवासी कैलाश पुत्र ओमपाल गुरुवार को कोतवाली पहुंचा और एसएसआइ द्वितीय अर्जुन गिरी गोस्वामी से मिला। कैलाश ने एसएसआइ को प्रार्थना पत्र सौंपा। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह भूरारानी निवासी एक व्यक्ति के साथ कंपनी में काम करता। आरोप है कि उस व्यक्ति ने उससे लेबर सप्लाई का साझा दिया और पार्टनर बनाने का लालच देकर उससे 50 हजार रुपए दिए। पीड़ित ने बताया कि न उसे पार्टनर बनाया और न ही रुपए वापस किए। आरोप है कि रुपए वापस करने की बात पर उसे धमकी दी (शेष पृष्ठ सात पर)

## बच्चों के लिए वसीयत से ज्यादा नसीहत महत्वपूर्णः हरि चैतन्यपुरी

### संत स्वामी चैतन्यपुरी महाराज ने स्व. कांता रानी सुखीजा को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम, कामां के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज प्रातः समाचार पत्र के सम्पादक परम सुखीजा के आवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माताजी स्व. कांता रानी सुखीजा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा



को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित परिजनों एवं हरि भक्तों को अपना संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में बच्चों को वसीयत से ज्यादा नसीहत देने की ज्यादा आवश्यकता है। यही उनके जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि यदि कपूत को ढ़ेर सारी सम्पत्ति दे दी जाये तो वह न सिर्फ वह सम्पत्ति नष्ट कर देगा बल्कि अपना सारा जीवन भी तबाह कर देगा। यदि एक सपूत को सम्पत्ति के स्थान पर अच्छे संस्कार तथा सामाजिक मर्यादाओं को ज्ञान कराया जाये तो वह अपनी मेहनत से ढ़ेर सारी सम्पत्ति एकत्रित कर उसे धर्म व सामाजिक कार्यों में खर्च करेगा। श्री महाराज जी ने कहा कि अच्छे संस्कारों से युक्त बच्चों का भविष्य हमेशा उज्जवल ही रहता (शेष पृष्ठ सात पर)

# 'नवरत्न' परियोजनाओं से मोदी ने फूंका विकास का बिगुल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा डबल इंजन की सरकार में तेज गति से काम हो रहा काम
## हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन से चारधाम,महाकुंभ और कांवड़ यात्रियों का सफर होगा सुगम

देहरादून(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत ट्रेन की सौगात के बहाने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तराखंड में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माणाधीन रेल मार्ग प्रोजेक्ट एवं इंफास्टक्चर से जुड़ी नौ महत्वपूर्ण विकास प्ररियोजनाओं के नवरत्न परियोजनाओं को गिनाकर विकास का मंत्र फूंक दिया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर राज्य में धामी सरकार के उठाए जा रहे कदमों का समर्थन करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री के विकास की दिशा में शुरू किए गए अभियान की तारीफ भी की। उत्तराखंड से चलने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन का संचालन होने से राज्यवासियों में उत्साह माहौल व्याप्त हो गया। ट्रेन को मांगलगीत दैणा होयां खोली का गणेशा हे बजाकर पारम्परिक रूप से रवाना किया किया। इससे पहले कलाकारों ने पारंपरिक परिधान में लोक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। उत्तराखंड की पहली वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन के लिए रेलवे स्टेशन परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। वंदे भारत ट्रेन भी फूलों से सजाई गई थी। उत्तराखंड से पहली बार चलने जा रही इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन से लोगों का सफर अब पहले से अधिक सुगम हो जायेगा। पीएम ने राज्य में प्रस्तावित व निर्माणाधीन नौ महत्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र किया है। गढ़वाल क्षेत्र में आर्थिक और सामरिक तरक्की के लिए अहम मानी जाने वाली ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के बारे में पीएम ने साफ कर दिया कि यह अगले दो-तीन साल में पूरी हो जाएगी। वहीं प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुप्रतीक्षित टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना का काम जल्द शुरू करने की घोषणा कर योजना का संजीवनी दी है। कुमाऊं मंडल को भी इस नये रेल प्रोजेक्ट से एक नई सौगात मिलने से सीमांत जनपदों में पर्यटन और सुगम यातायात का लाभ लोगों को मिलेगा। पीएम मोदी ने बताया कि पर्वतमाला परियोजना उत्तराखंड के विकास के लिए गेमचेंजर का काम करने वाली है, से साफ हो गया कि केंद्र सरकार से राज्य को जल्द रोपवे परियोजनाओं की सौगातें मिलने वाली हैं। राज्य सरकार ने दो दर्जन से अधिक प्रस्ताव इस योजना के तहत भेजे हैं और अन्य परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार हो रहे हैं। केदारनाथ और हेमकुंड के लिए रोपवे का काम जल्द शुरू हो जाएगा, बदरीनाथ और केदारनाथ के पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी दिखेगी। प्रधानमंत्री ने 2014 से पहले की सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि 2014 के पांच सालों में उत्तराखंड के लिए औसतन 200 करोड़ से कम बजट मिलता था। इतना दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, रेलवे का अभाव और बजट 200 करोड़ से भी कम। इस वर्ष उत्तराखंड का रेल बजट पांच हजार करोड़ रुपये है। यानी 25 गुना बढ़ोतरी की गई। उन्होंने कहा, मैं अभी कुछ घंटे पहले ही तीन देशों की यात्रा करके लौटा हूं। आज पूरा विश्व भारत को बहुत उम्मीदों से देख रहा है। हम भारत के लोगों ने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, गरीबी से लड़ रहे हैं, उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है। कोरोना से हमारी लड़ाई की बड़ी चर्चा है। विश्व के लोग भारत को समझने के लिए देखने के लिए आना चाहते हैं। उन्होंने कहा, जब मैं बाबा केदार के दर्शन करने गया था, दर्शन के बाद अनायास ही मेरे मुख से कुछ पंक्तियां निकली थी। यूं ही मैं बोल पड़ा था, ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वह बहुत सराहनीय है। ये इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या हर वर्ष पुराने सारे रिकार्ड तोड़ देती है। नया रिकार्ड बना देती है। अभी बाबा केदार के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। हरिद्वार में होने वाले कुंभ व अर्द्ध कुंभ में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। हर वर्ष जो कांवड यात्रा होती है, उसमें भी लाखों-करोड़ों लोग उत्तराखंड पहुंचते है। पीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की यह संख्या उपहार भी है और इतनी बड़ी संख्या संभाल पाना एक भागीरथ कार्य भी है। इस भगीरथ कार्य को आसान बनाने के लिए ही डबल इंजन की सरकार डबल शक्ति से डबल गति से काम कर रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का पूरा जोर विकास के नवरत्नों पर है। एक कहावत सुनी होगी, सोने पर सुहागा, इसलिए नवरत्नों की माला को पिरोने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उन्हें भी धामी सरकार ने नई ऊर्जा दी है। 12 हजार करोड़ की लागत से चारधाम महा परियोजना पर तेज गति से काम हो रहा है।

### बहुप्रतीक्षित टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को भी दी संजीवनी

देहरादून। पीएम मोदी ने देहरादून से दिल्ली आनंद बिहार तक रेल सेवा की सौगात दने के साथ ही पूर्ववर्ती केंद्र सरकार में रेल नेटवर्क के विकास के लिये धीमी कार्ययोजना पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भारत में हाईस्पीड ट्रेनों को लेकर पहले की सरकारों ने बड़े-बड़े दावे किए। इन दावों के कई-कई साल बीत गए। हाई स्पीड रेल छोड़िए, रेल नेटवर्क से मानव रहित फाटक तक हटा नहीं पाए थे। रेलवे के बिजलीकरण की स्थिति तो और भी गंभीर थी। 2014 तक देश का एक तिहाई रेल ट्रैक का बिजलीकरण हो पाया था। साल 2014 के बाद रेलवे को ट्रांसफोर्म करने के लिए चौतरफा काम करना शुरू किया। 2014 से पहले हर वर्ष 614 किमी बिजलीकरण का काम होता था। अब हर साल 6000 किमी ट्रैक का बिजलीकरण हो रहा है। इसलिए आज देश के 90 प्रतिशत से अधिक रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। उत्तराखंड में शतप्रतिशत हो चुका है। ये काम इसलिए हो रहा है, क्योंकि सही विकास की नीयत भी है, नीति भी है और निष्ठा भी है। पीएम ने कहा कि उत्तराखंड में विकास के नवरत्नों पर भाजपा सरकार का जोर है। पीएम नौ रत्न गिनाते हुए बताया कि केदारनाथ-बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ से पुनर्निर्माण कार्य, गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट हेमकुंड रोपवे का 2500 करोड़ की लागत से कार्य,कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिए मानस मंदिर माला मिशन का काम, पूरे राज्य में होम स्टे को बढ़ावा, राज्य में 4000 से अधिक होम स्टे पंजीकृत, इको टूरिज्म के 16 डेस्टिनेशन का विकास,.उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, यूएसनगर में एम्स का सेटेलाइट सेंटर, करीब 2000 करोड़ से टिहरी झील विकास परियोजना का निर्माण, ऋषिकेश-हरिद्वार का एडवेंचर टूरिज्म, योग राजधानी के रूप में विकास,टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन शामिल है।




# बीडीसी बैठक में उठी कई समस्याएं

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक में ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से जागरूक होने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योजनाओं की जानकारी दी गयी और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। विकास खंड सभागार में बृहस्पतिवार को ब्लाक प्रमुख पूनम रानी की अध्यक्षता एवं डीडीओ तारा ह्यांकी एवं डीपीआरओ रमेश चंद्र त्रिपाठी की मौजूदगी में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन की नीति को प्रभावी तरीके से बनाए रखने के लिए डीपीआरओ रमेश चंद्र त्रिपाठी ने पंचायत प्रतिनिधियों से जन जागरूकता लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ता हुआ कूड़ा पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक बनता जा रहा है समय रहते अगर इस पर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में सजने की स्थानों पर कूड़ा संग्रह केंद्र बनाए गए हैं जहां सूखे और गीले कूड़े को एकत्र करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में यूजर चार्ज वसूलने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में ग्राम पंचायत अमरपुर के प्रधान अमर विश्वास ने लगातार तीन वर्षों से दिए जा रहे प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई ना होने पर नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि ग्राम बसंतपुर में नहर की पटरी की बुकिंग के लिए कई बार पत्र दिए गए लेकिन कार्य शुरू नहीं हो सका। मोतियापुरा से बीडीसी सदस्य सलविंदर सिंह कलसी ने नहरों की सफाई न होने से हो रही परेशानी से अवगत कराया। कनकटा के ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह विर्क ने लिंक रोड पर बने गड्ढों को बंद कराने की मांग की जिस पर लोनिवि एई विनोद कुमार ने एस्टीमेट मिलते ही कार्य शुरू कराने की बात कही। डीडीओ तारा ह्यांकी ने विभागीय अधिकारियों से शिकायतों को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक का संचालन बीडीओ शेखर जोशी एवं डीपीओ मनरेगा अमित मेहरा ने किया। बैठक में ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख टिप्सन नरूला, मंगोला देवी, सुरवाला मंडल, नीलम कौर, परमजीत कौर, सिल्की चंद्र खेड़ा, अजय कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, संजय चौधरी, रिजवान हुसैन, दलबीर सिंह, मनोज देवराड़ी, विकास सरकार, मुकेश राणा, अमित मेहरा, सुमित उपाध्याय, बीएस पांगती, शिखर ओझा, गौरव त्रिपाठी, सूर्यप्रकाश, प्रकाश चन्द्र जोशी, मुदस्सिर अहमद, योगेश उपाध्याय, दीपक असगोला, रविन्द्र उपाध्याय, अब्दुल रहमान अंसारी, सुखदेव मंडल आदि मौजूद थे।



# महिलाओं को दी मासिक धर्म की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा गांव धरमपुर, मोहनपुर नंबर एक को ग्रामीण महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी गई। समाज सेवा की पढ़ाई करते हुए केरल से आए हुए विद्यार्थी ने ग्रामीण महिलाओं बालिकाओं को मासिक धर्म पर प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि हम सभी लोग हर महीने पैड खरीदते हैं जो कि हमारे वातावरण को अशुद्ध करता है। हमारे वातावरण के लिए यह पैड सुरक्षित नहीं है और हर महीने हमें इसके लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इसीलिए उन्होंने मासिक कप के बारे में लोगों को जानकारी दी और बताया कि यह सुरक्षित है और केवल एक बार हमें पैसा खर्च करना पड़ता है और 9 साल तक यह कप चलता है। इसको महिलाओं को लगाने का तरीका बताया। लगाने से पहले इसे 5 मिनट के लिए गर्म पानी में उबालना होगाऔर इसके बाद जब माहवारी बंद हो जाएगी तो फिर इसे उबालकर अपने बैग में रखना है। यह कप 6 घंटे तक लगा कर रख सकते हैं। जब यह कप भर जाएगा तो इसे निकाल कर ब्लड वॉशरूम में फेंक कर हम पानी से साफ कर सकते हैं। यह कप 18 साल आयु के बाद ही इस्तेमाल करना है। अभी यह कप कई मेडिकल स्टोर में नहीं मिल रहा है।



# जन्म भूमि हाई स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राय कालोनी ट्रांजिट कैंप स्थित जन्मभूमि हाई स्कूल में आज प्रात: से दोपहर तक विद्यालय प्रबंधन द्वारा काशीपुर मार्ग के पाण्डेय हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपने विभिन्न रोगों का उपचार करवाया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डा. सुमित राय ने विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा जनहित में समय समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमे स्वास्थ्य शिविर, शीतल पेयजल वितरण, जनजागरुकता रैलियां, महापुरुषों की स्मृति में शोभा यात्रा आदि कार्यक्रम शामिल हैं। वहीं विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी तरह तरह के कार्यक्रम कराए जाते हैं। श्री राय ने पाण्डेय हॉस्पिटल के समस्त चिकित्सकों व सभी स्टाफ का विद्यालय में स्वास्थ्य कैंप आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनहित में भविष्य में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पाण्डेय हॉस्पिटल के डा. अनिल पाण्डेय, डा. प्रियंका पाण्डेय, डा. विनोद राय सहित अन्य स्टाफ ने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही ब्लड प्रेशर व शूगर की भी नि:शुल्क जांच कर लोगो को उनके रोगों के निदान के लिए नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया। इस मौके पर हॉस्पिटल स्टाफ के साथ विद्यालय के प्रिंसिपल रछपाल सिंह, सोनाली मिश्रा, सुमित्रा यादव, पूजा, नीतू, अंशता मंडल, अनिल कुमार, संगीता मल्लिक, प्रीति सिंह, नितेश कुमार आदि ने सहयोग किया।



# व्यापारियों ने सेल टैक्स ऑफिसर को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर (उद संवाददाता)। रजिस्टर्ड व्यापारियो को साधारण मृत्यु पर भी 10 लाख तक का जीवन बीमा लाभ देने की मांग को लेकर गदरपुर एवं रूद्रपुर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने सेल टैक्स अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही अन्य समस्याएं भी बतायी। व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी की टीम द्वारा आये दिन व्यापारियों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। जिस पर संयुक्त आयुक्त आर एल वर्मा ने कहा कि किसी भी व्यापारी को अनावश्यक परेशान नही किया जायेगा गदरपुर व्यापार मंडल एवम रुद्रपुर व्यापार मंडल ने संयुक्त रूप से मांग की कि प्रदेश के सभी रजिस्टर्ड व्यापारियों को 10 लाख रूपये का सामान्य मृत्यु बीमा लाभ मिले। महामंत्री संदीप चावला ने बताया कि अभी तक केवल दुर्घटना मृत्यु लाभ ही मिलता है लेकिन सामान्य मृत्यु पर कोई लाभ नहीं मिलता है जब कि व्यापारी जीवन भर सरकार को टैक्स देता है लेकिन सामान्य मृत्यु लाभ नहीं दिया जाता है हो सकता है यदि प्रदेश सरकार इस मांग को पूरा करती है तो उत्तराखंड अपने व्यापारियों को साधारण मृत्यु लाभ देने वाला देश का पहला राज्य बन सकता है जो अन्य प्रदेशों के लिए मिसाल बनेगा। इस दौरान अध्यक्ष दीपक बेहड,महामंत्री संदीप चावला कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा,रुद्रपुर अध्यक्ष संजय जुनेजा,महामंत्री हरीश अरोड़ा,पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज छाबड़ा,जिला संगठन मंत्री राज कुमार सीकरी, शिवेन सेठी,पवन गाबा,सचिन अरोरा आदि सहित व्यापारी उपस्थित थे।



# केलाखेड़ा में अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर,दर्जनों दुकानें की ध्वस्त

## आशियाने को टूटता देखकर गृहस्वामी व परिवार की महिलाओं के झलके आसूं





केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमण की गई भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने को लेकर प्रशासन ने राजस्व,विद्युत ,स्वास्थ्य व शहरी विकास विभाग की संयुक्त टीम तहसीलदार बाजपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर के नेतृत्व में बनाकर केलाखेडा नगर में लगभग 50 दुकानें, तीन मकान व दो मजारों का ध्वस्तीकरण भी किया। विरोध होने की आंशका के चलते पी0एस0सी0 के साथ स्थानीय पुलिस भी भारी तादात में मौजूद रही। शाम ढलने तक प्रशासन ने रत्नामढैया व केलाखेडा में लगभग दो एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर दिया था। जानकारी अनुसार केलाखेडा नगर के मुख्य बाजार मार्ग के नदी की ओर खसरा नं0 132 व रकवा .430 हेक्टेयर भूमि वर्ग 6-1 जलमग्न भूमि तथा रत्ना मढैया वार्ड में खसरा नं0179 रकवा 0.278 हेक्टेयर वर्ग-6 भट्टा के रूप में राजस्व विभाग के अभिलेखो में दर्ज है जिस पर काफी वर्षो से अतिक्रमण कर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था जिसके सन्दर्भ में उच्च न्यायाल्य के पालन के क्रम में नगर पंचायत केलाखेड़ा द्वारा अवैध अतिक्रमण कारियों को पूर्व में नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया गया था परंतु अतिक्रमण कारियों द्वारा नोटिस की समयावधि पूर्ण होने पर भी अतिक्रमण नही हटाया गया जिसके चलते गुरूवार को प्रशासन ने तहसीलदार बाजपुर अक्षत भट्ट व क्षेत्राधिकारी बाजपुर भूपेन्द्र सिंह भण्डारी के नेतृत्व में राजस्व, विद्युत , स्वास्थ्य व शहरी विकास विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जेसीबी की मदद से एक प्लाटून पीएससी के जवानों व केलाखेड़ा थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल ने प्रात: 10 बजे से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया जिसके चलते नगर में हलचल मच गई,भारी पुलिस बल के चलते लोग तमाशबीन बने प्रशासन की कार्यवाही को देखते रहे। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए लगभग 50 दुकानों व तीन मकानों के साथ दो मजारों को ध्वस्त कर दिया।

### सरकारी धन के दुरूपयोग का आखिर कौन जिम्मेदार?

केलाखेड़ा। विगत दिवस पैमाईश के दौरान प्रकाश में आया कि अतिक्रमण की गई भूमि पर राजीव आवास योजना के अन्तर्गत दो कालोनिया भी निर्मित हुई है जिसके निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा लाखों की धनराशि अतिक्रमणकारियों को लाभार्थी के रूप में दी गई थी आखिर लाखों रूपये की धनराशि बिना किसी जॉच के कैसे स्वीकृत कर दी गई इसकी जवाब देही आखिर किसकी है? रत्नामढैया वार्ड में अतिक्रमण कर बनाये गये आशियाने को टूटता देखकर गृहस्वामी व परिवार की महिलाओं के आसूं रूकने का नाम नही ले रहे थे। इसी बीच परिवार की दो बच्चियां रोते-रोते बेसुध होकर जमीन पर गिर पडी जिनको तत्काल उपचार के लिए तहसीलदार अक्षत भट्ट द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाया गया। इन बहते हुए आसुओं का जिम्मेदार आखिर है कौन? जब अतिक्रमणकारियोंद्वारा भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा था तब तत्कालीन प्रशासन द्वारा इन्हे क्यों नही रोका गया।

## पीएसी पहुंचते ही मच गई हलचल,पूर्व चेयरमैन प्रशासन से गुहार लगाते नजर आये पीड़ित

केलाखेड़ा। अवैध अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन द्वारा दिये गये नोटिस का कोई असर नजर नही आ रहा था परंतु प्रात: जैसे ही पीएसी का वाहन पहुंचा तो अतिक्रमणकारियो में हलचल मच गई। पीएसी को देख लोग स्वंय ही अपना-अपना सामान हटाने लगे। प्रात: 10 बजे से एक जीसीबी से दोपहर एक बजे तक काफी मध्यम गति से अतिक्रमण हटाने का कार्य चलता रहा प्रशासन को आशंका हुई कि इस प्रकार तो सारी भूमि अतिक्रमण मुक्त नही हो पायेगी जिसके चलते आनन-फानन में फिर तीन जेसीबी ओर मंगा कर दोपहर बाद चार जेसीबीयो की मदद से युद्धस्तर पर अम्रिकमण हटाने का कार्य चला।अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान स्थानीय नेताओं में दोनो पूर्व चेयरमेन हामिद अली व मौ शफी अंसारी ने तहसीलदार से वार्ता कर अतिक्रमणकारियो को कुछ समय देने की मांग की। परंतु प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सख्त लहजे मे कहा कि यह उच्च न्यायालय के आदेशो के अनुपालन में कार्यवाही चल रही है इसमें किसी प्रकार की कोई समयावधि नही दी जा सकती। पूर्व में नोटिस के माध्यम से काफी समय दिया जा चुका है। मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ युवाओं द्वारा विरोध की भी कोशिश की गई परंतु क्षेत्राधिकारी बाजपुर व थानाध्यक्ष केलाखेडा के सख्त रवैये के चलते किसी की दाल नही गल सकी।

## अतिक्रमण था तो कैसे बने राजीव आवास?

केलाखेड़ा। रत्नामढैया वार्ड में प्रशासनिक टीम द्वारा जिस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है जिस भूमि पर तीन चार लोगों के आवास बने हुए थे यह भूमि राजस्व विभाग के अभिलेखो में भट्टा के नाम से दर्शाइ गई है इसी भूमि पर लाभार्थी अमीर जहॉ पत्नी नन्हे तथा शहनाज पत्नी रिफाकत के नाम से केन्द्र सरकार की राजीव आवास योजना के अन्तर्गत दो कालोनियां निर्मित थी यदि यह भूमि अतिक्रमण की गई थी तो इस पर राजीव आवास योजना के अन्तर्गत कालोनियों का निर्माण कैसे हुआ। यदि यह भूमि सरकारी थी तो तत्कालीन नगरपंचायत के अधिकारियों द्वारा इसे अनापत्ति प्रमाण पत्र किस प्रकार मुहैया हुआ यह चिन्तनीय विषय है। मुख्य बाजार में कुछ दुकानदारो द्वारा उन्हे गुमराह करने के आरोप लगाये। दुकानदारो ने बताया कि जब बीते दिवस अतिक्रमणकारियों को प्रशासन द्वारा नगरपंचायत से टीम भेजकर प्रत्येक दुकानदार को संदेश दे दिया गया था कि कल सुबह तक स्वयं अतिक्रमण हटा लें जिसके चलते कुछ दुकानदारों ने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया था परंतु वर्तमान चेयरमैन ने दुकानदारो से आकर कहा कि उनकी प्रशासन से वार्ता हो चुकी है। आपको समय मिलेगा। उनके आश्वासन के चलते ही उन्होंने सामान हटाने का काम रोक दिया था परंतु प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही में समय ना मिलने के चलते दुकानदारों मे चेयरमैन की प्रति आक्रोश देखा गया।

# अब नहीं उजाड़े जायेंगे वन ग्रामों में बसे लोग

## रामनगर में हजारों लोगों को मिली राहत, मुख्य वन संरक्षक ने जारी किया आदेश

रामनगर(उद संवाददाता)। अतिक्रमण के नाम पर अब वन ग्राम, वन टोंगिया, गोठ और खत्ता गांवों को नहीं उजाड़ा जायेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अधिकारी/मुख्य वन संरक्षक ने सभी वन प्रभागीय अधिकारियों को इस सम्बंध में पत्र जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद हजारों लोगों को राहत मिली है। बता दें रामनगर क्षेत्र में पिछले करीब दो सप्ताह से नई बस्ती पूछड़ी, आमडंडा, रिंगोड़ा, कालूसिद्ध, टेड़ा, बेलगढ़, किशनपुर छोई, कंचनपुर छोई, रामपुर, टोगिया, लेटी, भलौन, चोपड़ा, शिवनाथपुर, पुरानी बस्ती, हनुमान गढ़ी, पटरानी, देवीचौड़ तुमडिया डाम गर्जिया मंदिर आादि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के ऐलान के बाद ग्रामीण आंदोलनरत थे। सीएम के फरमान के बाद हजारों घरों पर खतरा मंडरा रहा था। जिसके चलते इन गांवों में रहने वाले लोगों की नींद उड़ गयी थी। कई गांवों में वन विभाग की ओर से नोटिस जारी करने के साथ ही मुनादी भी करा दी गयी थी। उजाड़े जाने के खिलाफ लोग लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस सम्बंध में गुरूवार को क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों से मिलने के लिए देहरादून रवाना हुआ था। प्रतिनिधि मण्डल ने हजारों ग्रामीणों को उजाड़े जाने से बचाने की मांग की। जिसके बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अधिकारी/मुख्य वन संरक्षक डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बृहस्पतिवार शाम को प्रदेश के सभी डीएफओ को पत्र जारी किया है जिसमें कहा गया है कि वन भूमि पर बसे गोठ, खत्ते, वन ग्राम एवं टोंगिया गांवों आदि क्षेत्रों के विनियमितिकरण/विस्थापन के लिए नीति निर्धारण किया जाना है। इसके लिए सर्वे किया जायेगा। फिलहाल इन गांवों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस आदेश के बाद से हजारों ग्रामीणों को राहत मिली है। फिलहाल वन विभाग की ओर से इन गांवों में सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अधिकारी/मुख्य वन संरक्षक डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि देखने में आया है कि अतिक्रमण हटाने का नोटिस रेंजर अधिकारी, वन दरोगा व वन आरक्षी बिना डीएफओ के हस्ताक्षर के दे रहे हैं। इससे जनमानस में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे में डीएफओ केवल अपने हस्ताक्षर से नोटिस देंगे। वन क्षेत्र में नदियों के किनारे जहां उपखनिज चुगान कार्य चल रहा है वहा अवैध झाले, कच्चे मकान, दुकान आदि को नियमानुसार हटाया जाए।

## बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा माले की जिला कमेटी की बैठक बिंदुखत्ता में सम्पन्न हुई। बैठक में बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने और सभी वन भूमि में बसे खत्तों, गुर्जरों, गोठ खत्तों का नियमितीकरण किए जाने की मांग उठाई गई। जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बिंदुखत्ता ने अपना अस्तित्व संघर्ष के बल पर कायम किया है और संघर्ष के जरिए ही सुविधाएं हासिल की हैं। और इस बात को सरकार भी जानती है। इसीलिए बिंदुखत्ता समेत सभी वन भूमि पर बसे लोगों को स्थाई किया जाना चाहिए। बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि उत्तराखण्ड में धार्मिक आधार पर विभाजन कर



खत्तों, वन ग्रामों से लोगों को बेदखल करने की कोशिश हो रही है। खत्तों वन गांवों को धार्मिक आधार पर बांटना बंद कर उनका नियमितीकरण किया जाय।किसान महासभा के जिला अध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि मुख्य वन संरक्षक द्वारा खत्तों पर फिलहाल रोक लगाने की बात कही गई है लेकिन इस पर स्थाई रोक लगाकर बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाया जाय।बैठक में आनन्द सिंह सिजवाली, विमला रौथाण, नैन सिंह कोरंगा, चन्दन राम, कमल जोशी, धीरज कुमार, निर्मला शाही आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के वन ग्राम, गोट, खत्ते और भूमिहीनों का अस्तित्व बचाये सरकार : हरदा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकारी जमीनों व जंगलों से सीएम धामी के आदेश पर अतिक्रमण हटाने को लेकर व्याप्त जनाक्रोश को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने प्रदेश सरकार धामी सरकार से मूल निवासियों के अस्तित्व को बचाये रखने के लिये विस्तृत पुनर्वास की नीति लागू करने की मांग भी की है। गुरूवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने फेसबुक पोस्ट में कहा है कि अतिक्रमण के खिलाफ उमड़ते जनाक्रोश ने घबराई हुई सरकार ने एक आदेश निकाला है जिसमें कहा है कि वन ग्राम, गोट, खत्ते, भूमिहीनों की बसासतें इनके अस्तित्व के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी अर्थात यहां अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चलाया जाएगा। मगर इस पत्रक में सिंचाई विभाग की जमीन में बसे हुए लोगों के विषय में कुछ नहीं कहा गया है, उन जमीनों के विषय में भी कुछ नहीं कहा गया है जो खाम या भारत सरकार की भूमि हैं, मगर वहां भी वर्षो-वर्षो से लोग बसे हुए हैं। स्पष्ट होना चाहिए कि देश की आजादी से पहले और उसके बाद राज्य बनने से पहले जो लोग किसी भी प्रकार की भूमि में बसे हुए हैं, उनको उन बसासतों से नहीं हटाया जायेगा। हम अतिक्रमण के समर्थक नहीं हैं। मगर बेबसी में जिन लोगों ने अपने आशियाने बनाये हैं, भूमिहीनों ने बनाये हैं, दलित-शिल्पकारों ने बनाये हैं, जो यहां मजदूरी करने आये, यहीं के होकर रह गये हैं उनके आशियाने हैं। जंगलों के अंदर वन गुज्जर जिन्हें विस्थापित नहीं किया जा सका उनके आशियाने हैं। आप जिन लोगों के



अधिकारों को अंग्रेजों ने भी माना और आज की सरकार उन अधिकारों को एक तरफा खारिज कर रही है। जहां कोई संत, महात्मा, पीर, फकीर वास किये वो स्थल यदि किसी मंदिर या मजार के रूप में विकसित हुये हैं और उनकी ऐतिहासिक प्रमाणिकता है, तो उस ऐतिहासिक प्रमाणिकता का सम्मान राज्य का धर्म है। आप केवल धार्मिक विद्वेष की भावना को बढ़ाने के लिए यदि कोई भी कार्रवाई करेंगे तो उससे उत्तराखंड के मान और सम्मान पर चोट पहुंचेगी। खैर आधे सही रास्ते पर आए और पूरा सही रास्ते पर आना बाकी है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने भूमिहीनों को राहत देने के अपील करते हुए कहा कि वन ग्राम अर्थात गोट, खत्ते, पड़ाव, हरी ग्राम, इंद्रा ग्राम, गांधी ग्राम, ये सारी बसासतें जो हमारे भाबर में और कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी बसी हैं, ये उत्तराखंडियत के पार्ट हैं, जिस उत्तराखंड का निर्माण बलिदानों से हुआ है, उस उत्तराखंड का एक अविभाज्य हिस्सा है, इन पर कोई भी हमला उत्तराखंड पर हमला है, उत्तराखंडियत पर हमला है। पूछड़ी, गुलरसिद्ध आदि स्थानों पर बसे हुए लोगों को बचाने के लिए। हमारे वन गुज्जरों को जिनको परंपरागत हक प्राप्त है हमारे वनों में, उनको उजाड़ने के नोटिसेज दिए जा रहे है, तुमड़िया डाम सहित कुछ स्थलों पर जहां डैम के चारों तरफ इस राज्य के निर्माण से पहले लोग आकर के बसे हुए हैं अपने जीविका उपार्जन कर रहे हैं, उनको सिंचाई विभाग की भूमि में अतिक्रमण मान कर हटाने के नोटिसेज दिए जा रहे हैं। यह उत्तराखंडियत पर हमला है और इस हमले के विरोध में आज गांधी पार्क देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति के सामने एक घंटे का मौन उपवास पर बैठे एवं एडीएम देहरादून के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, सुरेंद्र अग्रवाल व कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# मिशन एप्पल एवं कीवी मिशन के प्राप्त हो रहे हैं अच्छे परिणाम

नैनीताल(उद संवाददाता)। गुरूवार को अपर मुख्य सचिव एंव कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तराखण्ड शासन आनन्द वर्द्धन द्वारा राजकीय उद्यान रामगढ में हॉर्टी–टूरिज्म योजना के अन्तर्गत स्थापित कराये जा रहे सेब सघन उद्यान का भ्रमण किया ।अपर सचिव ने उद्यान के अन्तर्गत 2100 क्लोनल रूट स्टाक आधारित गेलगाना, रेडलमगाना, सिनिकोरैड, ग्रीनस्मिथ, हेप्के, जेरोमाइन, रेडब्लाक्स आदि विभिन्न प्रजातियों के सेब पौधों का वर्ष 2021 में रोपण कराया गया था जो कि विगत वर्ष से फलत में हैं। इसके साथ ही उद्यान में रोपित 3000क्लोनल रूट स्टाक पर्याप्त मात्रा में रूट स्टाक उत्पादन करने हेतु लेयरिंग का कार्य प्रगति पर है। उद्यान मे कराये जा रहे कार्यो पर अपर मुख्य सचिव श्री वर्द्धन कार्यो पर संतोष व्यक्त किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक एवं पूर्व उद्यान पंडित विक्रम सिंह नेगी, पृथ्वीराज सिंह एवं अजय पाण्डे आदि ने उद्यान विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में चर्चा की। निरीक्षण दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी द्वारा बताया गया कि मिशन एपल योजना के सचिव को बताया कि मिशन एपल योजना के अन्तर्गत अभी तक जनपद में लगभग 105 कृषकों के परिक्षेत्र मे सेब सघन उद्यानों का रोपण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत



अन्तर्गत 2 से 20 नाली भूमि तक के लद्यु सीमान्त कृषको को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मिशन एपल एवं कीवी मिशन के अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। मुख्य उद्यान अधिकारी आरके सिंह ने अपर मुख्य सचिव को बताया कि प्रति एकड कुल लागत 12.00 लाख का 80 प्रतिशत 9.60 लाख की राजसहायता लाभार्थियों को प्रदान की जा रही है तथा शेष 20 प्रतिशत कृषक अंश के रूप में 2.40 लाख कृषकों द्वारा स्वयं वहन किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक अभियंता कृषि विपणन बोर्ड ने बताया कि हॉर्टी टूरिज्म योजना के अन्तर्गत उद्यान में 8 काटेज, 1कैफे तथा 1 प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा समस्त निर्माण कार्य समय से पूर्व करा लिये जायेंगे। अपर मुख्य सचिव ने इसके अलावा एसएएस के अन्तर्गत नवनिर्मित कलेक्ट्रेट पार्किंग नैनीताल का निरीक्षण किया उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था को कार्यों को समयबद्व, परदर्शिता एव गुणवत्ता के साथ कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएम वंदना सिंह,सीडीओ डॉ संदीप तिवारी,एडीएम अशोक कुमार जोशी, सचिव विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय,, कमल किशोर जोशी, ममता मेर, विपिन गरवाल, निर्मल भण्डारी संतोष कुमार आदि कृषको के अलाव अन्य अधिकारी कृषक उपस्थित थे।

# मेयर और पार्षदों ने गरिमा नरूला को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पहले ही प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में देश में 39वीं रैंक प्राप्त हासिल करने वाली शहर की बेटी गरिमा नरूला को मेयर रामपाल सिंह और पार्षदों ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मेयर रामपाल ने गरिमा के साथ साथ उनके माता पिता को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि गरिमा ने न सिर्फ रूद्रपुर का बल्कि पूरे प्रदेश का गर्व बढ़ाया है। उन्होंने कहा



कि गरिमा की यह सफलता शहर की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा देने का काम करेगी और जो भी बच्चे सिविल सेवा की तैयारी कर रहे हैं उनका मनोबल बढ़ेगा और शहर की अन्य प्रतिभायें भी आगे चलकर गरिमा की तरह शहर और प्रदेश का नाम रोशन करने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। इस अवसर पर पार्षद संघ की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रावत, निमित शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान,आयुष तनेजा,भुवन गुप्ता, विनय विश्वास, रामकिशन कोली, डॉ राकेश सिंह,शिवकुमार शिब्बू, सपन मंडल,हरीश चौधरी आदि उपस्थित रहे ।

# विजडम स्कूल में मोहित ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन रामनगर द्वारा घोषित परीक्षाफल में शहर के गंगापुर रोड स्थित विजडम पब्लिक हाईस्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के छात्र मोहित राजपूत ने 89.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया। प्रवेश कुमार शुक्ला 88 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय ,निखिल रावत और मोहित सिंह 85.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह



पटवाल ने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में विशिष्ट सम्मान के साथ उत्तीर्ण होने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ० महेन्द्र कुमार ठाकुर और समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी विद्यालय के विशिष्ट सम्मान उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देकर उनको शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह रावत, देव मण्डल, अजय मिश्रा, नवीन मिश्रा,श्रीमती साक्षी मिश्रा, श्रीमती टीना राय, श्रीमती निधि पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने मांगी पर्यटन विभाग के अन्तर्गत गतिमान योजनाओं की रिपोर्ट

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बृहस्पतिवार को कैम्प कार्यालय नैनीताल मे जनपद मे पर्यटन विभाग के अन्तर्गत गतिमान योजनाओ की विभाग से जानकारी लेते हुए समीक्षा बैठक ली। डीएम ने समीक्षा के दौरान पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पाण्डेय को वर्तमान मे जनपद की 40 लाख लागत से ऊपर की संचालित योजनाओ के लैण्ड का विवरण,कार्य का नाम,कार्य शुरू व पूर्ण करने की अवधि,कुल लागत, कार्यदायी संस्था का नाम,वर्तमान मे कार्य की प्रगति एव अन्य कार्यवाही की सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेंटेशन में 15 दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आरईएस की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशासी अभिन्नता आरईएस के खकेख जोशी से नैनीताल नगर के तल्लीताल बाजार का पारम्परिक शैली मे विकास एव सौन्दयीकरण कार्यो की विस्तृत रूप से जानकारी लेते हुए कहा किन कारणो से कार्य अभी पूर्ण नही हो पाये व कैसे कार्य को समय पर पूर्ण किया जा सके कम्प्लीट प्रोजेक्ट 15 दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा विकास व जनहित की योजनाओ को समयबद्व, परदर्शिता एव गुणवत्ता के साथ कार्यो को पूर्ण करना सुनिश्चित करे। जो कार्य पूर्ण हो गये है शीघ्र अवश्यक कार्यवाही करते हुए संचालित करना सुनिश्चित करे ताकि जन–मानस को समय पर योजनाओ का लाभ मिल सके।

# महिला पंजाबी सभा ने दी गरिमा को बधाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला पंजाबी सभा की पदाधिकारियों व सदस्यों ने ईश्वर कालोनी निवासी गरिमा नरूला के आवास पहुंचकर उन्हें यूपीएससी में देश में 39 वीं रेंक लाकर आईएएस बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटियां मान हैं अभिमान हैं ऐसा ही एक उदाहरण हमारे शहर रूद्रपुर की बिटिया गरिमा नरूला ने



प्रस्तुत कर पूरे उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डा. रचना अरोरा, महामंत्री शैली फुटेला, नगर अध्यक्ष रेनू अरोरा, नगर महामंत्री उर्वशी गाबा, स्वाति कक्कड़, नीता नारंग, निम्मी फुटेला, रोजी मल्होत्रा आदि शामिल थीं। इस दौरान गरिमा की माता शारदा नरूला, पिता विपिन नरूला, भाई देव नरूला, मामा उमेश पसरीचा भी उपस्थित थे। जिन्होंने पंजाबी महिला सभा का आभार व्यक्त कियां।

# उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम में पहुंचेगी उषा वाजपेयी : विमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमति विमला मुंडेला ने कहा है कि महिला मोर्चा के उत्तराखंड के 19 जिलों में चल रहे प्रवास कार्यक्रम में मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उषा




वाजपेई जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा वह उन महिलाओं से भी मुलाकात करेंगी जिनको सरकार की तरफ से विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया है। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष श्रीमति विमला मुंडेला ने कहा 26 और 27 मई को भाजपा महिला मोर्चा का 19 सदस्यों का एक दल उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम में रहेगा। उन्होंने कहा कि श्रीमती उषा बाजपेई जनपद में आयोजित 12 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि आज श्रीमती बाजपेई राज्य सरकार, केंद्र सरकार और वित्त पोषित सरकारी कालेजों का भ्रमण करेंगी। नगर निगम में विभिन्न एनजीओ कें पदाधिकारियो और स्वयं सेवकों से मिलकर उनसे सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करेंगी। उसके बाद राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य समरसता भोज कार्यक्रम,कार्यकर्ताओ की बूथ स्तरीय बैठक,वरिष्ठ कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेंगी।श्रीमती बाजपेई कल 27 मई को सितारगंज में आशा कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करेंगी तत्पश्चात रंगोली प्रतियोगिता, नव मतदाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम और सेल्फी विद लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल होंगी। अंतिम कार्यक्रम के रूप में जिला पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों के साथ बैठक करेंगी। इस पूरे कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भी उनके साथ रहेंगी। उन्होंने कहा कि वो बूथों पर जाकर बूथ कमेटियों के साथ बैठक करने और सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित हुई महिलाओं से मुलाकात करेंगी। प्रेस कांफ्रेंस में महिला मोर्चा जिला महामंत्री स्वाति शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी चंद्र कला राय, जिला आईटी प्रभारी रितु अग्रवाल भी मौजूद थी।

# पार्क का निर्माण कराने पर मेयर का किया अभिनंदन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड 12 औद्योगिक क्षेत्र कैनाल कालोनी में नगर निगम द्वारा पार्क निर्माण कराये जाने पर कालोनीवासियों ने मेयर रामपाल सिंह और पार्षदों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि वार्डवासियों की ने इस पार्क के निर्माण की मांग उठायी थी जनभावनाओं को देखते हुए इसका पार्क का निर्माण किया गया है। उन्होंने वार्डवासियों से पार्क की सफाई और इसके रखरखाव का ध्यान रखने का आहवान भी किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम के माध्यम से वार्डों में प्राथमिकता से विकास कार्य कराये जा रहे हैं। पार्षदो के साथ साथ आम जनता के माध्यम से मिलने वाले सुझावों पर भी प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उनका प्रयास है कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। खासकर कालोनियों एवं बस्तियों में सड़क और नाली निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ साथ शहर को स्वच्छ



एवं सुंदर बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि भुवन गुप्ता, पार्षद प्रमोद शर्मा, जितेंद्र यादव, रामकिशन कोली, डॉ राकेश सिंह, रामदास यादव, पप्पू श्रीवास्तव, होरी लाल, रविन्द्र गंगवार, सिंह बहादुर, रोशन लाल, परमानंद यादव, श्याम सिंह, तुल बहादुर सिंह, अजय यादव, शैलेन्द्र सिंह, कल्पना यादव, सावित्री यादव, सोमवती, पुष्पादेवी, मुन्नी देवी, कलावती, संतोष देवी, शारदा देवी, भगवती देवी, ललिता बिष्ट, विमला देवी, राधा, रेखा देवी, पूनम देवी, मंजू बिष्ट, ममता बिष्ट, खेमवती, शांति, हेमा, नेहा, शीला आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# डीएम ने योग दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी विनीत तोमर ने जागेश्वर पहुँचकर योग स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने योग दिवस के दिन आने वाले लोगोंकी बैठने की व्यवस्था, मैट, वाहन पार्किंग, टैन्ट, साउण्ड एवं साफ– सफाई आदि व्यवस्थाओं को तय समयान्तर्गत करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि इस योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को



योग करने हेतु प्रेरित् किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह चौहान, प्रबन्धक जागेश्वर मंदिर समिति ज्योत्सना पंत, उपाध्यक्ष नवीन भट्ट आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

# छात्रों ने इस बार भी अंग्रेजी में रचा इतिहास

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का परिणाम 25 मई को घोषित हुआ । जिसमें सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस से हाईस्कूल के छात्रों ने अंग्रेजी विषय में सर्वश्रेष्ठ अंकों के साथ परचम लहराया। संस्था में सत्र 2022–23 में हाईस्कूल में कुल 65 छात्र–छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें देव नगर के चंदन राय ने अंग्रेजी में 94 अंक, सौरभ विश्वास ने 93 अंक, जयंत साना ने 88 अंक, केशव विश्वास ने 86 अंक, प्रतिभा राय, राधा मंडल व दक्ष राय ने 84 अंक हासिल किए ! प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी हाई स्कूल में शत–प्रतिशत रिजल्ट रहा है! इंटरमीडिएट में कुल 70 छात्र–छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें अमनजीत सिंह ने 81 अंक, दिव्या चक्रवर्ती ने 79 अंक, अंशिका कक्कड़ ने



77 अंक, राज मधु ने 76 अंक, जसविंदर सिंह ने 75 अंक हासिल किए। संस्था में सीबीएससी के अंग्रेजी परिणाम भी शत–प्रतिशत रहा है। संस्था व सभी छात्र–छात्राओं के परिवार तथा क्षेत्र में खुशी की लहर है। समस्त छात्र–छात्राओं कि इस बड़ी उपलब्धि पर संस्था अध्यापक ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के द्वारा कुछ अभिभावकहीन व अत्यंत निर्धन छात्रों को निशुल्क शिक्षा दी गयी।

# तुंगनाथ मंदिर संकट! कितनी गंभीर धामी सरकार?

## अधिसूचना जारी होने के बाद भी नहीं आरंभ हुआ मंदिर संरक्षण का कार्य,बद्री केदार मंदिर समिति ने फंसाया एक नया पेंच

-अर्श-

रूद्रपुर। आसन्न संकट को पीठ दिखाने की सरकारी प्रवृत्ति के गंभीर दुष्परिणाम के रूप में सामने आई, उत्तराखंड के जोशीमठ शहर मे भूध ंसाव की चुनौती से, अभी सरकार पूरी तरह निपट भी नहीं पाई थी, कि रुद्रप्रयाग स्थित अति प्राचीन तुंगनाथ मंदिर को लेकर विशेषज्ञों के हवाले से एक डराने वाली खबर और आ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मंदिर लगातार झुक रहा है। गुजरे दिनों मंदिर में 5 से 6 डिग्री तक का झुकाव देखने को मिला है। परिसर के अंदर बनी मूर्तियों और छोटे स्ट्रक्चर में भी 10 डिग्री तक का झुकाव आ गया है। कहने की जरूरत नहीं कि अगर मंदिर का झुकना इसी तरह जारी रहा तो सैकड़ों साल पुराने इस मंदिर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। तुंगनाथ शिव मंदिर को दुनिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर का दर्जा प्राप्त है। यह 12 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस मंदिर से जुड़ी पौराणिक मान्यता के अनुसार पांडवों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए यह मंदिर बनवाया था। आगे चलकर 8वीं शताब्दी में कत्यूरी शासकों ने इसे भव्य रूप प्रदान किया । हाल में आर्किया`लॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की तरफ से यहां स्टडी कराई गई थी, जिसमें पता चला कि मंदिर झुक रहा है। एएसआई अधिकारियों ने केंद्र सरकार को यह जानकारी दे दी है, साथ ही मंदिर को संरक्षित इमारत घोषित करने को भी कहा है। हालांकि एएसआई मंदिर में झुकाव की मुख्य वजह को जानने और अगर संभव हो तो रिपेयर करने की तैयारी में है, लेकिन फिलहाल उसका यह प्रयास परवान चढ़ता नजर नहीं आ रहा, क्योंकि बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय मंदिर को पूरी तरह एएसआई को सौंपने के पक्ष में नहीं है ।लिहाजा तुंगनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की कार्य योजना पर कोई आम सहमति फिलहाल बनती नहीं दिखाई दे रही। वैसे एएसआई देहरादून सर्किल के सुपरिटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट मनोज कुमार सक्सेना की माने तो एएसआई मंदिर के जीर्णोद्धार की विस्तृत कार्ययोजना बना चुका है ।इसके तहत पहले मंदिर परिसर का गहन निरीक्षण किया जाएगा ,उसके बाद आगे



का डिटेल प्रोग्राम तैयार किया जाएगा। सक्सेना ने आगे बताया की मंदिर के झुकाव और डैमेज की वजह जानने की कोशिश करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी और अगर जरूरी हुआ तो फौरन रिपेयर का काम शुरू करेंगे। एक्सपर्ट्स से सलाह के बाद क्षतिग्रस्त नींव के पत्थरों को भी बदला जाएगा। बीकेटीसी को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। उध र बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि बोर्ड की मीटिंग में यह मुद्दा उठा था। हम एएसआई की मदद करने को तैयार हैं, लेकिन मंदिर को पूरी तरह एएसआई को सौंपने के पक्ष में नहीं हैं। इतना ही नहीं उन्होंने तो केंद्र सरकार द्वारा मंदिर को संरक्षित करने संबंधी अधिसूचना से भी असहमति व्यक्त की है ।उनके अनुसार समिति मंदिर का संरक्षण करने में स्वयं सक्षम है और मंदिर को पूरी तरह एएसआई को सुपुर्द करने की कोई जरूरत नहीं है।बताना होगा कि वर्ष 2017 में राज्य सरकार ने तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था इस पर तथा केंद्र सरकार के निर्देश पर वर्ष 2018 में पुरातत्व विशेषज्ञ अधीक्षण पुरातत्वविद डॉक्टर पटेल ने इसका सर्वेक्षण भी किया था। सर्वेक्षण में यह पाया गया था कि मंदिर के प्राचीन स्ट्रक्चर का क्षय होना निरंतर जारी है और मंदिर की स्थिति में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है । इस पर केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले मंदिर के मरम्मत संबंधी कार्यों पर मुहर लगाते हुए एक प्रस्ताव तैयार करने को कहा था और इसी प्रस्ताव के आधार पर केंद्र सरकार ने 29 मार्च को तुंगनाथ मंदिर को संरक्षित करने के लिए अधिसूचना जारी की थी। यह अधिसूचना भारतीय पुरातत्व विभाग को अप्रैल माह में मिली थी। तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण की कार्ययोजना के वर्षों तक सर्वे एवं प्रस्ताव में अटके रहने के बाद अब जबकि पुरातत्व विभाग ध रातल में सुधारात्मक कार्य करने के लिए अग्रसर हुआ है, तो बद्री केदार मंदिर समिति ने इसमें एक नया पेंच ला दिया है। उत्तराखंड में प्राचीन धरोहरों के संरक्षण में कोताही एवं प्रकृति से अनियंत्रित छेड़छाड़ तथा प्रकृति के मनमाने एवं गैर वैज्ञानिक दोहन से उत्तराखंड की प्राचीन धरोहरों के अस्तित्व को संकट में डालने का यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। जोशीमठ में पहले ही इसके डरावने परिणाम सामने आ चुके हैं। इसलिए उत्तराखंड सरकार को चाहिए कि वह तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण के मसले पर अपना ढुलमुल रवैया तत्काल छोड़ें और एएसआई तथा बद्री केदार मंदिर समिति के बीच सहमति बनाने की पहल करे । मात्र मंदिर संरक्षण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने भेज देने और संरक्षण अधिसूचना जारी हो जाने भर से ही उत्तराखंड सरकार के कर्तव्यों की इतिश्री नहीं हो जाती ,बल्कि मंदिर संरक्षण कार्य आरंभ होने की दिशा में जो भी बाधाएं हैं उन्हें अविलंब दूर करना भी राज्य सरकार का ही दायित्व है। इसलिए राज्य सरकार को समय रहते इस दिशा में सभी कारगर कदम उठाकर मंदिर तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण के प्रति अपनी गंभीरता का परिचय देना ही होगा।

# प्रीतम सिंह का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सीएलपी लीडर प्रीतम सिंह बृहस्पतिवार को रुद्रपुर पहुंचे जहां सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाई और फूलों के गुलदस्ते प्रदान कर कांग्रेस पार्टी प्रीतम सिंह जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे पूर्व श्री सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने बेहड के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाद में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बाबरा, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, महानगर किसान कांग्रेस के



अध्यक्ष राम दयाल सिंह, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, निगम पार्षद सुशील मंडल, प्रीति साना, अशफाक अहमद, अमित मिश्रा, बिट्टू परवेज कुरेशी, सचिन मुंजाल, बीडीसी राखी जोशी, पूर्व बीडीसी और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश जोशी, डॉ सुमित राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, रामाधारी गंगवार, अनिल शर्मा, दिलशाद अहमद, उमर अली सलमानी, रविंद्र गुप्ता, सुदर्शन शर्मा, अरविंद सक्सेना, उमर खान, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप, राजीव कामरा, विजय अरोरा, दिनेश मौर्या, अरशद खान सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृत्रिम अंग निर्माण का डीएम ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी) में कृत्रिम अंग निर्माण/मरम्मत कार्य की शुरूआत का फीता काट कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर पर कृत्रिम अंग निर्माण व मरम्मत कार्य होने से दिव्यांगजनों को काफी सुविधा होगी। उन्होने कहा कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग बनाने व मरम्मत कार्य के लिये अब इधर-उधर नही भटकना पड़ेगा और दैनिक जीवन में सुगम्यता का वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होने स्पार्क मिण्डा फाउण्डेशन को सीएसआर के माध्यम से दिव्यांगजनों हेतु सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर बधाई व शुभकामाना देते हुये अभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद लोगों के लिये इस प्रकार के कार्य करना बहुत ही पुण्य का काम है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध ने बताया कि अबतक जनपद में कृत्रिम अंग ऐल्डिको कानपुर द्वारा शिविरों के माध्यम से



वितरण किया जाता था और कृत्रिम अंग मरम्मत की सुविधा जनपद स्तर पर नही थी। उन्होंने बताया कि अब जनपद स्तर पर कृत्रिम अंग निर्माण/ मरम्मत कार्य प्रारम्भ होने से दिव्यांगजनों को काफी सहुलियत होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आरके सिन्हा,जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, डीडीआरसी से सतीश चौहान, श्रीमती मीनाक्षी चौहान, स्पार्क मिण्डा फाउण्डेशन से श्रीमती सारिका आदि उपस्थित थे।

# प्राथमिकता से करें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों का निस्तारण: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की समीक्षा बैठक जिलाधि कारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी



लेवल एल 1 तथा लेवल एल 2 के अधि कारियों को अपने- अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समय- समय पर मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हैल्प लाइन में दर्ज शिकायतों के सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दर्ज शिकायतों को प्रत्येक दिन अपनी लॉगिन आईडी में देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि शिकायतों के निस्तारण के लिये नोडल अधिकारी नामित करते हुये आगामी बैठक में पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर दर्ज शिकायत पर की गयी कार्यवाही से अवगत कराया जाये। साथ ही लंबित शिकायतों में समयबद्धता का ध्यान में रखते हुये उनका निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि एल3 तथा एल4 स्तर पर मामलों को जाने से पूर्व ही निस्तारित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि एल1 के स्तर की शिकायतों का निपटान करने हेतु 15 दिनों की समय सीमा का पालन करने के निर्देश गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि बिना किसी ठोस कारण के तथा बिना कार्यवाही के शिकायत एल3 तथा एल4 पर न जाय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय। बैठक में मुख्य विकास अधि कारी अंशुल सिंह, संयुक्त मजिस्टेट रानीखेत जय किशन, अपर जिलाधिकरी सी0एस0 मर्तोलिया, जिला विकास अधि कारी के0एन0 तिवारी सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, दो बाइकें बरामद

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने बाइक चोरी का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर बाइक चोरों को चोरी की दो बाइक के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि दिनाक 23 मई को सरदूल सिंह पुत्र स्वर्गीय जीत सिंह वार्ड नंबर 3 केलाखेड़ा ने बाइक चोरी हो जाने की तहरीर देकर कहा था कि वह अपने भाई की बाइक संख्या यूके 18 सी 9253 एचएफ डीलक्स को लेकर केलाखेड़ा स्थित गुरुद्वारे आया था कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब थी। सरदूल सिंह की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 379 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम बनाकर बाइक चोर की तलाश करते हुए आस-पास के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए थे। सीसीटीवी कैमरों के अवलोकन करने के अतिरिक्त मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिचपुरी अमरूद के बाग के पास से नसीम पुत्र नन्हे निवासी रत्ना मढैया केला खेड़ा व मुकीम पुत्र मुस्तकीम



निवासी ग्राम नरपत नगर थाना स्वार जिला रामपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि नसीम व मुकीम बाइक चोरी कर महराज पुत्र वली मोहम्मद निवासी घोसीपुरा सुल्तानपुर पट्टी थाना स्वार जिला रामपुर को मामूली दामों में बेचते थे गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने मेहराज के कब्जे से छुपाकर रखी गई दो बाइक बरामद की जिसमें एक बाइक यूके 18-9253 एचएफ डीलक्स तथा थाना गदरपुर क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल न006एटी 7432 प्लेटिना है जिसके चलते पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 411 की बढ़ोतरी की गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल,उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह अधि कारी,गणेश पांडेय,हेड का0 भगतराम, का0 इरशाद उल्ला सामिल थे।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ऑनलाईन दस्तावेज

आज देश के ज्यादातर लोगों के पास मोबाइल या स्मार्टफोन है और वे इसका उपयोग न केवल बातचीत, बल्कि इंटरनेट आधारित कामकाज और पैसों के लेनदेन जैसी संवेदनशील गतिविधियों के लिए भी करते हैं। इसके अलावा, लोगों के मोबाइल नंबर से उनके आधार नंबर या पहचान पत्र सहित बैंक खाता आदि ज्यादातर संवेदनशील दस्तावेज भी जुड़ गए हैं। बाजार में खरीदारी करते हुए दुकानदार ग्राहकों के मोबाइल नंबर भी मांगते हैं और उसे अपने बिल जैसे दस्तावेज के लिए जरूरी बताते हैं। लेकिन बाद में उसका इस्तेमाल विज्ञापन या कारोबार के विस्तार के लिए होने लगता है। इस तरह की शिकायतें पहले भी आती रही हैं। इससे होता यह है कि एक सामान्य ग्राहक नंबर देने के बाद कई तरह की उलझन भरी स्थितियों का सामना करने लगता है। अक्सर उसके फोन पर किसी चीज की बिक्री या सेवा से संबंधित विज्ञापन के संदेश भेजे जाने लगते हैं तो कभी कुछ खरीदने-बेचने को लेकर नाहक ही फोन आते हैं। यह सिर्फ कारोबारी पहलू है। लेकिन आज मोबाइल नंबर केवल सुनने या संदेश पढ़ने तक का जरिया नहीं रह गए हैं, बल्कि इंटरनेट से जुड़े स्मार्टफोन अब व्यक्ति के लिए एक संवेदनशील यंत्र हो चुका है, जिसमें उससे संबंधित कई जरूरी जानकारी दर्ज रहती है। उसके जोखिम में पड़ने से उसे कोई बड़ा नुकसान हो सकता है, उसकी निजता प्रभावित हो सकती है। हालांकि भारत में ग्राहकों को अपना बिल बनवाने के लिए खुदरा विक्रेताओं को अपना मोबाइल नंबर देना अनिवार्य नहीं है। लेकिन हालात ऐसे बन गए हैं कि किसी सामान की खरीदारी के दौरान बिना किसी जरूरत के भी लोगों को अपना मोबाइल नंबर दुकानदार को देना पड़ता है। इसके बहुस्तरीय जोखिम को देखते हुए अब उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को कुछ सेवाएं देने के लिए ग्राहकों के व्यक्तिगत संपर्क विवरण या फिर मोबाइल नंबर लेने पर जोर नहीं देने का निर्देश दिया है। दरअसल, ग्राहकों की ओर से यह शिकायत दर्ज कराई जा रही है कि अगर वे खुदरा विक्रेता को अपना संपर्क नंबर साझा करने से इनकार करते हैं तो उन्हें वे सेवाएं देने से मना कर देते हैं। जबकि यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत एक अनुचित और प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथा है और जानकारी इकट्ठा करने के पीछे कोई तर्क नहीं है। सच यह है कि आधुनिक तकनीकी का जैसे-जैसे विस्तार हो रहा है, उससे जुड़ी जटिलताएं भी सामने आ रही हैं। आज देश के ज्यादातर लोगों के पास मोबाइल या स्मार्टफोन है और वे इसका उपयोग न केवल बातचीत, बल्कि इंटरनेट आधारित कामकाज और पैसों के लेनदेन जैसी संवेदनशील गतिविधियों के लिए भी करते हैं। इसके अलावा, लोगों के मोबाइल नंबर से उनके आधार नंबर या पहचान पत्र सहित बैंक खाता आदि ज्यादातर संवेदनशील दस्तावेज भी जुड़ गए हैं। अगर किसी का मोबाइल नंबर अब किसी खुदरा विक्रेता के हाथ में जाने के बाद डेटा कारोबार का हिस्सा बन जाता है, तो उसके जरिए साइबर धोखा हो सकता है, व्यक्ति को अनचाहे विज्ञापन जगत की गतिविधियों का निशाना बनना पड़ता है। इसका दायरा जिस स्तर तक फैल चुका है, उसमें कहा जा सकता है कि व्यक्ति का मोबाइल नंबर अब उसकी सुविधाओं के साथ-साथ परेशानियों की वजह भी बन रहा है। इसमें मानसिक परेशानी से लेकर आर्थिक नुकसान और निजता पर खतरे जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। खासतौर पर इस दौर में, जब दुनिया भर में ज्यादा से ज्यादा लोगों से संबंधित ब्योरा या डेटा हासिल करने की होड़ जैसी चल रही है, उसमें मोबाइल नंबर सबसे प्राथमिक स्रोत का काम करता है। यही कारण है कि कारोबार जगत हो या इंटरनेट की दुनिया, लोगों का मोबाइल नंबर हासिल करने के लिए अलग-अलग तरह से गुंजाइशें निकाली जाती हैं। इस लिहाज से देखें तो मोबाइल के उपयोग को सुरक्षित बनाने के साथ-साथ इसके प्रति अगर आम लोगों के बीच जागरूकता नहीं फैलाई गई तो आने वाले वक्त में एक जटिल स्थिति खड़ी हो सकती है।

# बाल संस्कार शिविर में बच्चों को बतायी योग क्रियाएं

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉक्टर श्रीमती मनप्रीत आनंद बठला, इस्कॉन से दीक्षित श्रीमती वीणा वादिनी माताजी, हार्टफूलनेस मेडिटेशन की टीम के प्रशिक्षक विकास शर्मा, कुलजस राय मदान, अनिल कुमार कश्यप, सुभाष गुंबर, विशम्बर लाल गुंबर, सतवीर, मुद्रा विशेषज्ञ सुश्री विलासिनी शर्मा , प्रांतीय रक्तदान प्रकल्प संयोजक सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा दीप जलाकर किया गया। मुद्रा विशेषज्ञ सुश्री विलासिनी शर्मा ने ज्ञान मुद्रा, वज्र मुद्रा, अंजलि मुद्रा, ताड़ासन, वृक्षासन, हस्तोत्तानासन आदि योग क्रियाओं के बारे में विस्तार से सभी बच्चों को बताया। हार्टफुलनेस के बारे में विकास शर्मा और अनिल कश्यप ने बताया कि जब हम अपने भीतर से आती हुई दिल की उन बातों को सुनना और प्रेरणाओं को समझना सीख जाते हैं तो हम बार-बार हृदय की बातों को सुनकर अपनेवन के मालिक बन जाते हैं। श्हृदय पर ध्यान करते हुए मन के साथ हृदय के सुक्ष्म समन्वय की प्रक्रिया पूरी होती हैश इसलिए हम इस प्रक्रिया को हार्टफुलनेस कहते हैं इसमें निम्न प्रक्रियाएं होती हैं:- रिलैक्सेशन यानी तनाव मुक्ति, ध्यान, सफाई और प्रार्थना।डॉक्टर श्रीमती मनप्रीत आनंद बठला के द्वारा बालिकाओं को युवा अवस्था में होने वाली वाले शारीरिक और व्यवहारिक परिवर्तनों के विषय में विस्तार से बताया गया। इस्कॉन से दीक्षित वीणा वादिनी माताजी ने बताया





कि भगवत गीता भगवान की भक्तवत्सलता है। लगभग 5000 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान में कौरवों और पांडवों के मध्य होने वाले युद्ध में अपने मित्र तथा भक्त अर्जुन को भगवतगीता का उपदेश दिया था। इस कलयुग में सामान्य जनता कृष्ण की बहिरंगा शक्ति द्वारा मोहित है और उसे यह भ्रांति है कि भौतिक सुख-सुविधाओं की प्रगति से हर व्यक्ति सुखी बन सकेगा। उसे इसका ज्ञान नहीं है कि भौतिक या बहिरंगा प्रकृति अत्यंत प्रबल है, क्योंकि हर प्राणी प्रकृति के कठोर नियमों द्वारा बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। सौभाग्य वशव भगवान का अंश-रूप है, अतएव उसका सहज कार्य है, भगवान की सेवा करना। कलयुग में महामंत्र 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे' का जप करके और संकीर्तन करके हम इस सांसारिक आवागमन से मुक्त हो सकते हैं।शाखा अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुमार गगनेजा ने तुलसी की पूजा क्यों करते हैं, सूर्य देवता को जल क्यो चढ़ाया जाता है, ग्रीष्म और वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियां और उनके रोकथाम के विषय में जानकारी दी। मंच संचालन दीपक सुधा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, उपाध्यक्ष (सेवा) गौरव मदान, भारत को जानो प्रकल्प संयोजक श्री द्रोण बाजपेई, राष्ट्रीय समूह गान प्रकल्प संयोजक श्री राकेश गगनेजा, अमित नारंग, महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, श्रीमती पूनम गगनेजा, श्रीमती मंजू गुंबर, श्रीमती किरण अनेजा, श्रीमती रिया छाबड़ा, श्रीमती मीनाक्षी कुकरेजा, श्रीमती दीया गुंबर, श्रीमती सपना आहूजा, श्रीमती रीना गाबा, सुश्री अंजलि अनेजा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गदरपुर के प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापक गण अध्यापिकायें एवं स्पोटिंग स्टाफ द्वारा भी अपनी अहम भूमिका निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तम सहयोग किया गया।

# बागेश्वर टनकपुर रेलमार्ग निर्माण की जगी आस,जताया हर्ष

बागेश्वर (उद संवाददाता)। रेल संघर्ष समिति ने भी जताई खुशी बागेश्वर,गोविन्द मेहता, कुमाऊं क्षेत्र के टनकपुर बागेश्वर को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए रेल संघर्ष समिति का आंदोलन सफल होने वाला है, आंदोलन की बदौलत रेल निर्माण का सपना पूरा हो सकता है,बागेश्वर- टनकपुर रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति का वर्षों से आंदोलन चल रहा था, जिसे केंद्र सरकार ने अपने बजट में स्थान दिया था, रेल लाइन निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा सर्वे हेतु बजट भी जारी कर दिया गया था, जिसके बाद रेल संघर्ष समिति सहित कुमाऊं के लोगों को बागेश्वर टनकपुर रेलमार्ग बनने की उम्मीद जगी थी, वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को रेल मार्ग के निर्माण के लिए विशेष पैकेज देने की घोषणा के बाद बागेश्वर टनकपुर रेल मार्ग निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने विभिन्न रेल मार्गो के निर्माण के लिए



बजट की घोषणा की है, वही केंद्र से राज्य को मिले बजट से जिलेवासियों को रेल लाइन बनने की पूरी आशा है, वही बजट की घोषणा के बाद भाजपाइयों और रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारियो ने एसबीआई तिराहे पर एकत्र होकर मिष्ठान वितरित कर खुशी जताई।और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया,वही रेल संघर्ष समिति ने खुशी जताते हुए रेल लाइन निर्माण शुरू नही होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।वही मिष्ठान वितरण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण,कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी,पूर्वभाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट,डा़ प्रताप सिंह,हयात सिंह मेहता,भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व सजंय परिहार, जिपं सदस्य नवीन नमन, गीता रावल, लक्ष्मी धर्मशक्तू,सुनीता टम्टा,इंद्रा जोशी, रणजीत सिंह दफौटी आदि मौजूद थे।

# एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति ने सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा( उद संवाददाता) ।एस एस बी स्वयं सेवक कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रह्मा नंद डालाकोटी, जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला के नेतृत्व में संगठन का एक शिष्टमंडल देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर



सिंह धामी,शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा सहित शासन में उच्च अधिकारियों से मिला। शिष्टमंडल ने गुरिल्लों की मांगों के अलावा, राज्य आंदोलनकारियों, दुग्ध उत्पादकों समितियों की समस्याओं के साथ साथ बिभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग शासन में संबंधित मंत्रियों, अधिकारियों से की, गुरिल्लों के मामले में जहां मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों से शिष्टमंडल ने बिगत वर्षो में उनके लिए जारी शासनादेशों के अनुपालन की मांग की वहीं समय समय पर लिए गये निर्णयों पर भी कार्यवाही की मांग की दिये गये ज्ञापनों में मई माह में कार्यवाही न होने की स्थिति में जून में पूरे राज्य में रथ यात्रा निकाल कर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। राज्य आंदोलन कारियों की ओर से दिये ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी घोषित करते हुए 17हजार रूपये मासिक पेंशन देने, क्षैतिज आरक्षण दिये जाने, प्रदत्त सुविधाओं को व्यवहारिक बनाये जाने की मांग की गयी है, दुग्ध उत्पादकों की ओर से दिये ज्ञापनों में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन तथा सचिव मानदेय में बृद्धि के साथ साथ दुग्ध संघ अल्मोड़ा की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है ,अन्य समस्याओं में,जंगली -आवारा जानवरों की समस्या के समाधान, कुरी झाड़ी फैलने से कृषि भूमि व पशु चारे की भूमि व इनमें छिपे जंगली जानवरों से जान माल के खतरे को देखते हुए कुरी झाड़ी के कटान की योजना बनाने की मांग की है।अन्य ज्ञापनों में राजकीय इन्टर कालेज नगरखान का भवन निर्माण कराये जाने, त्रिनेत्र महादेव मंदिर बमन स्वाल सहित क्षेत्र के सभी पौराणिक मंदिरों को मंदिर माला व मिनि प्रसाद योजना से जोड़ने की मांग की गयी है।

# विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय रहे अव्वल

बागेश्वर( उद संवाददाता)। गोविन्द मेहता, कुमाऊ ब्यरो, उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा के परिणाम सामने आ गए हैं। इस बार भी जनपद में सरकारी विद्यालयों के बजाय विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों ने जनपद में अव्वल





स्थान प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जबकि राइंका कांडा की प्रिया पांडे ने जनपद में इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करके राजकीय स्कूलों की लाज बचाई है। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में विवेकानंद विद्यामंदिर इंटर कालेज मंडलसेरा की छात्रा ज्योति जोशी ने 98 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रदेश में पांचवा व जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विवेकानंद विदया मंदिर इंटर कालेज गरूड की छात्रा पल्लवी जोशी ने 97.80 फीसदी अंक प्राप्त करके जनपद में दूसरा तथा प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर बागेश्वर की पावनी वर्मा ने 97.40 फीसदी अंक प्राप्त करके जनपद में तीसरा व प्रदेश में 8वीं स्थान पर है। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में राइंका कांडा की छात्रा प्रिया पांडे 97 फीसदी अंक प्राप्त करके जनपद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जबकि विवेकानंद विदया मंदिर मंडलसेरा के छात्र मनमोहित सिंह बिष्ट ने 92.8 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रदेश में 22वां व जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि विवेकानंद विदया मंदिर मंडलसेरा के अभिषेक सिंह ने 92.40 फीसदी अंक प्राप्त करके जनपद में तीसरा व प्रदेश में 25वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की इस सफलता पर जिलाधिकारी अनुराधा पाल, जिला शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सौन समेत विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रबंधक एडवोकेट कुंदन परिहार,पूर्व प्रबंधक एडवोकेट धीरज कोरंगा समेत प्रधानाचार्य अव्वल सिह टोपाल, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रमेश सिंह असवाल, गरुड़ के विवेकानंद विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र जोशी और उपप्रधानाचार्य चन्द्र शेखर बड़सीला आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# शत प्रतिशत रहा खोलिया विवेकानंद इंका का परीक्षाफल

गरुड़( उद संवाददाता)। खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम जानने के बाद बच्चों ने विद्यालय में खुशी जाहिर की। हाईस्कूल के चार बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। खोलिया विवेकानंद इंका गरुड़ के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल के चार बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी चंद्रशेखर बड़सीला ने बताया कि हाईस्कूल में पल्लवी जोशी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तराखंड की मेरिट सूची में 6 वां, सागर सिंह ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 9 वां, कनक यादव ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 13 वां और प्रियंका गुणवंत ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 25 वां स्थान प्राप्त किया। मेरिट में आए बच्चों को मिठाई खिलाकर विद्यालय में शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक विपिन तिवारी, अध्यक्ष हरी दत्त जोशी, विद्या भारती के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नंदन सिंह अल्मिया, डॉ हेम चंद्र दुबे, ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जिपंस जनार्दन लोहुमी, दीवान नेगी, डॉ डीएस रावत, कैलाश जोशी,अनिल पांडे,रमेश पांडे बृजवासी,अखिल आजाद जोशी,दिनेश नेगी, जीत सिंह नेगी आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को बधाई दी है।

# क्या राष्ट्रपति का पद समाप्त कर देना चाहिए ?

संसद की नई इमारत के उदघाटन अवसर पर राष्ट्रपति को ना बुलाया जाना आज की तारीख में ज्वलंत मुद्दा है , ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रपति पद की आवश्यकता पर सवाल उठता है , अक्सर दो चार साल में राष्ट्रपति पद को लेकर गाहे–बगाहे चर्चा होती रहती है प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्रप्रसाद एक अत्यंत ही उच्चशिक्षित शख्सियत के मालिक थे भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष भी थे , ऐसे राष्ट्रपति से कार्यपसलिका का टकराव कभी ना कभी स्वाभाविक ही था ऐसे महान राष्ट्रपति की उस वक्त के प्रधानमंत्री ने हमेशा उपेक्षा की, महमूद गजनवी दुवारा ध्वस्त सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण कार्यक्रम को लेकर उनके सोमनाथ मंदिर के इस कार्यक्रम में भाग लेने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू



की आपत्ति को दरकिनार करते हुए उन्होंने उस कार्यक्रम में भाग लेकर सरकार को बताया कि राष्ट्रपति केवल शोभा का पद नहीं है हिन्दू कोड बिल पर उनके दुवारा वीटो का प्रयोग करना ये बताता है कि कार्यपालिका के ऊपर भी नियन्त्रण रखने की शक्ति राष्ट्रपति के पास होती है शायद इसी घटना के मद्देनजर भविष्य में ऐसे लोग राष्ट्रपति बनने लगे जिनके पास कोई राजनैतिक शख्सियत नहीं थी डॉ राधाकृष्णन, जाकिरहुसैन, वी वी गिरी या फिर आधी रात को बिना सोचे समझे आपातकाल की घोषणा पर दस्तखत करने वाले फखरुद्दीन अली अहमद हों यँहा ये याद दिलाना जरूरी है १९६९ में कांग्रेस पार्टी ने बहुमत से नीलम संजीवरेड्डी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया तो इंदिरागांधी को वे कबूल ना थे फिर भी उन्होंने उनका नामंकन दाखिल किया लेकिन भविष्य के खतरे को भांप कर उन्होंने बैंक राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे बना कर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय वी वी गिरी को समर्थन देकर सत्ता के बल पर उन्हें जितवाया और अपनी पार्टी के उम्मीदवार को हरवा दिया क्योंकि कांग्रेस के उम्मीदवार उन्हें अपने मुताबिक रास नहीं आए थे।उपरोक्त बातों का उल्लेख करने की वजह सिर्फ ये है कि कोई भी सरकार अपने ऊपर नियंत्रण करने वाले शख्स को बर्दाश्त नहीं करती है इसलिए राष्ट्रपति बनने की इच्छा रखने वाले शख्स को बिल्कुल ऐसा दिखना चाहिए कि वो रबड़ की मोहर ही रहेगा मेरे ख्याल से प्रधानमंत्री पद की दौड़ में पिछड़े लालकृष्णआडवाणी तथा मुरलीमनोहरजोशी इसलिए राष्ट्रपति भी नहीं बन सके , कहने का अर्थ ये है राष्ट्रपति बेचारा ही बना रहना चाहिए इतना सब होने के बावजूद भी अगर उन्हें उद्घाटन करने , फीता काटने और गैरजरूरी देशों की यात्रा पर भी ना जाने दिया जाए तो ये राष्ट्रपति के पद के साथ घोर अन्याय है , सम्भव हो तो इस तथाकथित वैभवशाली पद को समाप्त कर दिया जाए ताकि देश के सर्वोच्च पद की शोभा और मान मर्यादा बरकार रहे ।

**–सुभाष चन्द्र छाबड़ा एडवोकेटलोकतन्त्र सेनानी , रूद्रपुर**

# प्रगतिशील किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी बरतें गम्भीरता

बागेश्वर (उद संवाददाता)।जिले में किसानों की समस्याओं के समाधान एवं उन्हें विभिन्न रेखीय विभागों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का सही समय पर लाभ पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान व उनकी आय को बढाने आदि को लेकर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने गरूड़ विकास खंड कार्यालय सभागार में कृषि से जुड़े रेखीय विभागों एवं प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा जिले में किसानों, की आय बढ़ाने के लिए सभी विभागों को मिलकर आगे बढ़ाना है। अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ते हुए स्वरोजगार को बढ़ाना है। उन्होंने जंगलों में अधिक से अधिक फलदार पौधों का रोपण किए वानिकी क्षेत्र में फल उत्पादन को बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ वन विभाग को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों द्वारा उद्यान विभाग से सहयोग लेकर कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में हब बनाने की मांग रखी। वहीं खाली पडी जमीन पर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाने का सुझाव दिया। डेयरी विभाग के माध्यम से डेयरी फार्म स्थापित करने, भेषज संघ के माध्यम से जड़ी–बूटी पर कार्य करने व इसके विपरण की व्यवस्था कराने के साथ ही किसानों द्वारा गोलु मार्केट में मंडी समिति द्वारा स्थापित दुकानों को स्थानीय लोगों को आवंटित करने की मांग रखी। किसानों द्वारा सडक मार्ग बनाने व स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी व नगर पंचायत को सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस



दौरान किसानों द्वारा कृषि औद्योगिक क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अनेक सुझाव भी दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारी कर्मचारी गांव का अवश्य भ्रमण करें। बैठक में जिले में जड़ी–बूटी विकास के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा तेजपत्ता सहित अन्य जडी–बूटी उत्पादन कराने की मांग पर जिलाधिकारी द्वारा भेषज संघ को किसानों के आवेदन लेते हुए स्वंय हैंडहोल्डिंग करने ,पशुपालन एवं दुग्ध विभाग को जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के साथ ही डेयरी विभाग को समितियों का गठन कर कलेक्शन सेंटर बनाने के निर्देश दिए। कृषकों को कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में उत्पादन का अच्छा दाम मिले इसके लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। कृषकों की आय दोगुनी करने के लिए उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों को मोटे अनाजों के अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कृषि, उद्यान एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मिलेट्स के उत्पादन से किसानों की आय को बढ़ाने में मिलेट्स अहम भूमिका निभायेगा। कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों की ब्रांडिंग,पैकेजिंग और मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक के दौरान किसानों के माध्यम से जो सुझाव व समस्याएं आयी है, उन्हें गंभीरता से लेते हुए बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी गीतांजलि बंगारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आर चन्द्रा, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, खंड विकास अधिकारी केआर आर्या, मत्स्य अधिकारी मनोज मियान सहित अधिकारी व किसान मौजूद थे।

# जम्मू कश्मीर में भंडारा लगाने के लिए 24 जून को रवाना होंगे शिवभक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा एवं कल्या समिति की ओर से इस बार भी अमरनाथ यात्रियों के लिए जम्मू कश्मीर में भंडारा आयोजित किया जायेगा। समिति की एक बैठक में भंडारे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि समिति की ओर से इस बार नौंवा विशाल भंडारा अमरनाथ यात्रियों के लिए जम्मू कश्मीर स्थित मीर बाजार में लगाया जायेगा। भंडारे के लिए समिति के लोग 24 जून को रूद्रपुर से रवाना होंगे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सतीश पंडत ने बताया कि जम्मू कश्मीर में अमरनाथ यात्रियों के लिए उत्तराखण्ड से एकमात्र भंडारा रूद्रपुर के शिव भक्तों द्व्रारा लगाया जाता है। वहां पर भंडारे में इस बार भी सभी के सहयोग से तीर्थ यात्रियों के लिए खाने पीने और रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जायेगी। बैठक में दिलीप अधिकारी, राजकुमार गुप्ता, महेन्द सिंह, प्रशांत शर्मा, मिथुन गुप्ता, संत लाल गुप्ता, चौ. ओमप्रकाश, सचिन शर्मा, मुरारी शर्मा, अतुल राठौर, बृजेश गुप्ता, विनीता देवी, साधन मृधा, सुरेश कुमार, डा. राजेश कुमार, अशोक कुमार, कैप्टन कैलाश जोशी आदि मौजूद थे।

# रूपया 4 गुना करने का लालच देकर सट्टा लगवाता गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा चौकी पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान लोगों को उनका रुपया चार गुना करने का लालच देकर सट्टा लगवा रहे एक सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी राजपुरा उपनिरीक्षक दिनेश जोशी के नेतृत्व में चौकी पुलिस द्वारा गश्त के दौरान एक सट्टेबाज कमल रावत उर्फ माइकल निवासी कुसुमखेड़ा को लोगों का रूपया 4 गुना करने का लालच देकर अवैध रूप से सट्टा लगाते



हुए पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 1180 रुपए नगद, सट्टा पर्चियां, गत्ता, पेन इत्यादि बरामद किए गए। पुलिस ने उसके विरूद्ध 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवराज ने किया हाई स्कूल परीक्षा फल में विद्यालय टाप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद द्वारा घोषित कक्षा 10 उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मां शारदा देवी विद्या मंदिर ट्रांजिट कैंप में युवराज कुमार सिंह पुत्र सत्येंद्र कुमार सिंह ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं सत्येंद्र सिंह पुत्र पंकज सिंह ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त दूसरा तथा मीरा गोलदार पुत्री सुशांत गोलदार ने 75.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय



स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं माता–पिता तथा गुरुजनों का नाम उज्जवल किया। विद्यालय कमेटी के सचिव इंद्रजीत पाल ने बताया कि विद्यालय के 21 विद्यार्थी प्रथम तथा 8 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय समस्त गुरुजनों व माता पिता को दिया है। विद्यालय के सचिव इंद्रजीत पाल, प्रधानाचार्या शीला डे, उप प्रधानाचार्य तपन पाल, प्रबंधक अभिषेक गुप्ता सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान चंद्रावती मंडल, वंदना पाटीदार, पूनम हालदार, दीपा कश्यप, निकिता, अंकिता, अनुष्का सिंह, निर्मला विश्वास, अंकित यादव, तपन कुमार, प्रियंका, ज्योति, अंशु व सीमा बढ़ोई समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

## पेज एक का शेष...

**बच्चों के लिये वसीहत से ...** है। साथ ही बड़ा होकर वह दूसरों को भी अच्छे संस्कार ग्रहण करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा करना, उनकी हर आज्ञा का पालन करना, गुरूजनों, साधू, संतों, महापुरूषों सहित सभी बड़े लोगों का सम्मान करना, सामाजिक कार्यों में भागीदारी करना, जरूरतमंदों की मदद करना आदि सद्कर्म अच्छे संस्कारों की पहचान होते हैं। इसलिए हर माता पिता का यह पहला दायित्व है कि वह अपने बच्चों को हमेशा अच्छे संस्कार प्रदान करे। किसी भी गलती पर बच्चों को मारने के स्थान पर उसे समझाकर उसे उसकी गलती का एहसास करायें और भविष्य में पुनः गलती न करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जो परिवार संस्कारवान होगा वह हमेशा सुखी और समृद्ध होगा। इससे पूर्व श्री महाराज का हरि भक्तों द्वारा श्री गुरू महाराज की जय, कामां के कन्हैया की जय, लाठी वाले भैया की जय के जयघोषों के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर परम सुखीजा, रीना सुखीजा, शिवांश सुखीजा, शांभवी सुखीजा, मनीष बत्रा, गीता बत्रा, पार्थ बत्रा, हेमा पाण्डे, कुसुम जग्गा, चारू पाण्डे, प्रेम छावड़ा, रमेश धमीजा, अमन बत्रा, प्रवीण बत्रा, राजेश कश्यप, सरिता बत्रा, हिमांशु चौधरी आदि मौजूद थे।

**देवभूमि में ...**चमोली में 9 तथा पौड़ी गढ़वाल जिले में 20 बलात्कार के अपराध दर्ज हुये हैं। रेलवे पुलिस (जी.आर.पी) में भी 1 अपराध दर्ज हुआ है। सबसे गंभीर माना जाने वाले अपराध हत्या के भी कुल 187 अपराध हुये है। जिसमें सभी 13 जिलों के अपराध शामिल है। सर्वाधिक 49 हत्याएं उधमसिंह नगर जिले तथा दूसरे स्थान पर 39 हरिद्वार तथा तीसरे स्थान पर 34 देहरादून जिले में हुई हैं। सबसे कम 1 हत्या का अपराध चमोली जिले में हुआ है। अन्य जिलों में 22 नैनीताल, 2 अल्मोड़ा, 4 पिथौरागढ़, 5 बागेश्वर, 4 चम्पावत, 6 उत्तरकाशी, 3 टिहरी गढ़वाल, 4 रूद्रप्रयाग, 14 पौड़ी गढ़वाल जिले में हत्या के अपराध शामिल है। डकैती के 19 अपराध वर्ष 2022 में उत्तराखंड के केवल पांच जिलों में हुये हैं। इसमें सर्वाधिक 8 हरिद्वार, 5 उधमसिंह नगर, 4 देहरादून तथा 1–1 नैनीताल व अल्मोड़ा में हुये हैं।लूट के 170 अपराध 9 जिलों में हुये हैं। इसमें सर्वाधिक 62 देहरादून, 40 उधमसिंह नगर, 37 हरिद्वार, 19 नैनीताल, 3–3 अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ तथा जी.आर.पी, 1–1 बागेश्वर, टिहरी गढ़वाल, चमोली जनपद में हुये हैं।फिरौती हेतु अपहरण (364ए) के 3 अपराध उत्तराखंड के केवल दो जिलों में हुये है। इसमें 2 उधमसिंह नगर तथा 1 हरिद्वार जनपद का अपराध शामिल है। दहेज हत्या के 70 अपराध उत्तराखंड के 9 जिलों में हुये हैं। इसमें सर्वाधिक 24 उधमसिंह नगर, 20 हरिद्वार, 9 नैनीताल, 8 देहरादून, 3–3 पिथौरागढ़ व टिहरी गढ़वाल, 1–1 बागेश्वर, चम्पावत तथा पौड़ी गढ़वाल में हुये है।

**शारदा में गिरी...**तलाश शुरू की। शारदा नहर में गिरी इनोवा कार को बमुश्किल रस्सी एवं अन्य वाहनों की मदद से खींचा गया। इसके बाद कार में फंसे पांच लोगों को बाहर निकाला गया। उन्हें 108 सेवा से उप जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका द्रोपदी देवी जहां लोहियाहेड पॉवर हाउस में कार्यरत थी। घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है। वहीं लोहिया हेड में भी भी मातम की स्थिति है।

**स्कूल बस पलटने...**लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक अकाल तख्त अकैडमी नामक विद्यालय के बच्चों को लेकर आज स्कूल बस मुरादाबाद स्थित प्रेम वंडरलैंड जा रही थी इसी दौरान उत्तर प्रदेश की सीमा में दढ़ियाल रोड पर अकबराबाद के समीप सामने से आ रही एक महिला को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पता चला है कि बस में सवार विद्यालय की परिचारिका 25 वर्षीय बबली की मौत हो गयी। बस में 3 दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे। हादसे में छात्रा गुरजोत कौर, अवनीत कौर, मु. जैुनद समेत दर्जनों बच्चे घायल हुए हैं। घायल बच्चों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर यातायात निरीक्षक नरेंद्र मेहरा दल बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

**सम्पत्ति के लिये...**कौर को रहने के लिए एक अलग मकान खरीद कर दिया। 3 जुलाई 2022 को उसका पुत्र व पुत्रवधु रोते हुए आये और उसके घर में रहने लगे। अब उसका पुत्र व उसकी पत्नी उसे व उसकी माँ को जान से मारना चाहते हैं। ताकि मकान पर कब्जा कर सके। आरोप है गत 22 मई को रात्रि पुत्र इन्द्रजीत व पुत्रवधु ममता ने उसे व उसकी माँ को जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोगों ने आकर बचा लिया। पुत्र इन्द्रजीत व पुत्रवधू ममता ने उस पर व उसकी माँ रवेल कौर पर फिर जानलेवा हमला कर दिया । शकुन्तला का कहना है उसने जैसे तैसे भाग कर अपनी जान बचाई है। परन्तु उसकी माँ अब भी उनके चंगुल में है। जिसे वह कभी भी मार सकते है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पार्टनर बनाने का...**जा रही। पीड़ित का आरोप है कि वह कल उसके घर गया तो उससे गाली गलौज करते हुए गला पकड़ लिया। बड़ी मुश्किल से उसकी चंगुल से बच कर भागा। पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# पुलिस ने चेकिंग अभियान में 138 लोगों के काटे चालान

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा पुलिस ने ऑपरेशन मर्यादा व यातायात नियमों के उल्लंघन पर 138 लोगों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 73,200 रूपये का जुर्माना वसूल किया। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु के निर्देश पर सार्वजनिक एवं पर्यटक स्थलों के आसपास शराब पीकर हुडदंग करने और गंदगी करने पर 32 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही



कर 14,200 रुपये जुर्माना वसूला गया तथा चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 106 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्टके तहत चालानी कार्यवाही कर 59,000 रूपये जुर्माना वसूला गया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
125 YARD DUPLEX VILLA
₹ 46 L
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
घर आपका... COLOUR आपकी पसंद का
घर आपका... TILES आपकी पसंद की
FREE
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर,
86504-18000